# कार्यालय नगर पालिका परिषद सम्भल

पत्रांक :– 607 दिनांकः– 25.02.2021

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

15वॉ वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–2021 आवंटित प्रथम किश्त/(बुनियादी अनुदान) धनराशि से नगर पालिका परिषद सम्भल के निर्माण विभाग के निम्नलिखित कार्य कराये जाने है। वार्णित क्रम मे कार्यो को कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। अनुभवी इच्छुक, फर्मो/ठेकेदार दिनांकः– 05.03.2021 को समय सांय 05:00 बजे तक निविदा कय कर सकते है। निविदाये निविदा बाक्स मे दिनांकः– 06.03.2021 को समय अपराहनः 02:00 बजे तक डाली जायेगी। जो दिनांकः– 06.03.2021 को अपराहन 04:00 बजे अपर जिलाधिकारी महोदय के समक्ष खोली जायेगी।

| क0 स0 | कार्य का नाम | 15वॉ वित्त | आगंणन धनराशि | जमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चौधरी चरण सिंह पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 620200 | 12410 | 740 | 01 माह |
| 2. | वार्ड स0 32 मौ0– पीला खदाना मे तेजराम कोठी के पास पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 688600 | 13800 | 820 | 01 माह |
| 3. | वार्ड स0 20 मौ0– बेगम सराय मे आपूर्ति कार्यालय के निकट शौचालय का निर्माण कार्य। | 15वॉ वित्त | 324200 | 6490 | 390 | 01 माह |
| 4. | वार्ड स0 04 मौ0– दुर्गा कालोनी मे पार्क के सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 841400 | 16830 | 1000 | 01 माह |
| 5. | वार्ड स0 32 मौ0– पीला खदाना मे तेजराम कोठी के निकट तिराहा का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 300000 | 6000 | 360 | 01 माह |
| 6. | मुरादाबाद रोड़ पर हल्लू सराय मे श्रम विभाग. कार्यालय के सामने तिराहा का सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 495000 | 9900 | 590 | 01 माह |
| 7. | वार्ड स0 06 मौ0– हल्लू सराय मे गुप्ता आयरन स्टोर से आजम सी0सी0 इण्टर लॉकिंग टाईल्स प्लान्ट तक सड़क (साइड़ पटरी) का निर्माण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 860200 | 17210 | 1020 | 01 माह |
| 8. | वार्ड स0 15 मौ0– कोट गर्बी (तबेला) मे उर्स के मैदान की सी0सी0 इण्टर लॉकिग टाईल्स फ्लोरिंग एवं नाली चबूतरे का निर्माण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 465900 | 9320 | 550 | 01 माह |
| 9. | वार्ड स0 17 मौ0– तश्तपुर मे मुन्ना से इरफान व सरफराज तक व भूरा के मकान से नसरू व समी के प्लाट तक सी0सी0 सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 981700 | 19650 | 1160 | 01 माह |
| 10. | वार्ड स0 19 मौ0– खग्गू सराय/डूगर सराय मे खग्गू सराय चौराहे पर पुलिया का निर्माण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 250000 | 5000 | 300 | 01 माह |
| 11. | वार्ड स0 20 मौ0– बेगम सराय मे पुराना स्लैटर हाउस के पास चौराहे पर पुलिया का निर्माण कार्य। | 15वॉ वित्त | 518800 | 10380 | 620 | 01 माह |
| 12. | वार्ड स0 31 मौ0– तुर्तीपुर इल्हा मे भूरे शाह मार्ग पर शुऐब बेकरी से टी0एच0 स्कूल के रास्ते तक सी0सी0 सड़क निर्माण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 980200 | 19610 | 1160 | 01 माह |
| 13. | वार्ड स0 05 मौ0– हयातनगर (उ0) मे विपिन की दुकान से मेवाराम जगदीश,सोहन लाल के मकान होते हुए लईक के मकान तक सी0सी0 सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 996400 | 19930 | 1180 | 01 माह |
| 14 | मौ0:– हयातनगर (प0) मे शमशान घाट मे शवदाह/कर्मकार कक्ष के पुनःनिर्माण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 825000 | 16500 | 980 | 01 माह |
| 15. | वार्ड स0 मौ0:– शहजादी सराय मे संजय साख्याधर पेट्रोलपम्प से एकता विबार कालोनी के पहले गेट तक हॉट मिक्स बिटुमन से सड़क नवीनीकरण का कार्य। | 15वॉ वित्त | 961200 | 19230 | 1140 | 01 माह |
| 16. | वार्ड स0 22 मौ0:– कौट गर्बी मे प्राथमिक विधालय एवं बालक जूनियर हाई स्कूल मे फर्श, टाईल्स लगाने शौचालय निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था के निर्माण का कार्य। (ऑपरेशन कायाकल्प योजना के अन्तर्गत) | 15वॉ वित्त | 564500 | 11300 | 670 | 01 माह |

निविदा डालने की शर्तेः– निविदा के साथ निम्नलिखित पठनीय स्वःप्रमाणित अभिलेख/प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा निविदा निरस्त की जायेगी।

1– निविदा मूल्य जमा करने का साक्ष्य।
2– जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र।
3– जिलाधिकारी द्वारा जारी हैसियत प्रमाण पत्र।
4– जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र।
5– ई0पी0एफ0 पंजीकरण प्रमाण पत्र।
6– ठेकेदार/फर्म/निविदादाता का पैन कार्ड, आधार कार्ड़।
7– श्रम विभाग मे पंजीकरण प्रमाण पत्र।

E0

8- आगंणन धनराशि का 02 प्रतिशत जमानत धनराशि निम्नलिखिज विवरण के अनुसार जमा कर जमा करने की बैंक रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। जमानत धनराशि प्रतिएक निविदा की अलग अलग जमा करना होगा।

| बैंक का नाम | खाता सख्या | आई0एफ0एस0सी0 कोड |
|---|---|---|
| भातरीय स्टैट बैंक सम्भल | 39736436769 | एस0बी0आई0एन0 0000711 |

9- निविदा/ठेकेदार का 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटरी शपथ पत्र इस आशय का प्रस्तुत करना होगा। कि उसके विरूद्व कोई आपराधिक मुकदमा पंजीकृत नही है। तथा उसे किसी मा0 न्यायालय से दण्ड़ित नही किया गया है।

10- 10 रूपये के स्टाम्प पर उपरोक्त (बिन्दु 01 से 09 तक) सभी तथ्य/अभिलेख सत्य होने सम्बन्धी नोटरी शपथ पत्र। उपरोक्त बिन्दु सख्या एक से लेकर बिन्दु सख्या दस तक के सभी अभिलेख/प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

निविदा की अन्य शर्ते:-

1- सभी कार्यो की निविदा पृथक पृथक देनी होगी।
2- निविदा प्रपत्र मे दरो का उल्लेख स्पष्ट से करना अनिवार्य होगा।
3- निविदा के सील बन्द लिफाफे पर कार्य का विवरण लिखना अनिवार्य होगा। इसके अलावा फर्म/ठेकेदार/निविदादाता का पत्राचार का पता मोबाईल नम्बर, जी0एस0टी0 नम्बर लिखना होगा।
4- अधूरी एवं सशर्त निविदा को स्वीकार नही किया जायेगा।
5- सामग्री/कार्य का विवरण निविदा प्रपत्र मे अंकित है। एवं शेष कोई भी जानकारी नगर पालिका के निर्माण विभाग मे किसी भी कार्य दिवस मे किया जा सकता है।
6- निविदा स्वीकृति उपरान्त अनुबन्ध मे पूर्व सम्बन्धित निविदादाता को नगर पालिका मे नियामनुसार पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
7- शासनादेश स0 24 वी0आई0पी0 (1)/नौ-5-2017-120बजट/2013 नगर पालिका अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक:-24 अगस्त 2017 के अनुपालन मे सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात जमानत धनराशि की 05 प्रतिशत धनराशि 05 वर्ष तक रोकने के उपरान्त सड़को के समुचित रखरखाव की दशा मे भुगतान/वापिस की जायेगी। शेष 05 प्रतिशत जमानत धनराशि एक वर्ष बाद वापिस की जायेगी।
8- निर्माण कार्यो मे ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य छोड़कर चले जाने की स्थिति को बचाये रखने के लिए प्रतिशत बिलो टेण्ड़र पर कार्य स्वीकृत करने के साथ-साथ अतिरिक्त जमानत धनराशि लिये जाने के सम्बन्ध मे शासनादेश स0 622/23-12-2012/08 टी0सी0 दिनांक-08.06.2012 के अनुसार आमतौर पर 10 से 15 प्रतिशत बिलो दर पर निविदादाता द्वारा कार्य कराये जाने मे कठिनाई नही है। अतः 10 प्रतिशत बिलो तक 0.50 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत दर से तथा 10 प्रतिशत से अधिक बिलो दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत दर से अतिरिक्त जमानत धनराशि ली जायेगी।

कार्य की शर्ते:-

1- निविदा स्वीकृति के उपरान्त अनुबन्ध से पूर्व शेष आगंणन का 8 प्रतिशत धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सम्भल के पक्ष मे बन्धक हो जमा करनी होगी।
2- कार्य सन्तोषजनक न होने पर जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
3- जी0एस0टी0/आयकर/ई0पी0एफ0 इत्यादि जमा करने की जिम्मेदारी नियामनुसार निविदादाता ठेकेदार की होगी।
4- खनिज पर देय रॉयल्टी जमा नही करने पर ठेकेदार के बिल से रॉयल्टी की कटौती की जायेगी।
5- कार्य से पूर्व सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म निविदादाता को पालिका से निर्धारित स्टाम्प पर नियामनुसार अनुबन्ध करना होगा।
6- कार्य सन्तोषजनक/गुणवत्ता ठीक होने पर ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
7- किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/आस्वीकृत करने का अधिकार समक्ष अधिकारी मे निहित होगा।
8- डामरीकरण का कार्य से प्रयुक्त होने वाले बिटुमिन्स इत्यादि समाग्री हॉट मिक्स प्लांट से लेना अनिवार्य है।
9- न्यायिक क्षेत्र सम्भल होगा।

25/01/2021

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सम्भल,

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सम्भल,

प्रतिलिपि:-

1- संवाददाता देनिक समाचार अमर उजाला/हिन्दुस्तान को इस आश्य से कि कृप्या छोटे आकार मे कम से कम व्यय पर एक बार निविदा व प्रकाशन करने का कष्ट करे।
2- कार्यालय जिलाधिकारी महोदय सम्भल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3- कार्यालय उपजिलाधिकारी सम्भल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4- कार्यालय तहसीलदार सम्भल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5- कार्यालय नगर पालिका परिषद सम्भल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6- नगर पालिका परिषद सम्भल की वेबसाईड पर लोड़ करने हेतु।
7- जिलाधिकारी, अपरजिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय सम्भल, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, सम्भल के सेवा मे सादर सूचनार्थ।
8- श्री माजिद खॉ एवं श्री बहादुर सिंह को इस निर्देश के साथ कि आप उक्त तिथियो मे निविदा सेल करने व निविदा बाक्स मे निविदा डालने का कार्य क्रमशः उपजिलाधिकारी , कार्यालय सम्भल, एवं जिलाधिकारी कार्यायल सम्भल मे करेगे।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सम्भल,

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सम्भल,